दैनिक
पदमावत मीडिया
Reg.No.MH18D0030877 •ई-पेपर• •न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे•
www.padmavatmedia.in | Mo. 9594542679 | Email- padmavatmedia@gmail.com
वर्ष : 10 • डिजिटल अंक : 217 • मुंबई, सोमवार, 15 अप्रैल, 2024 • प्रधान सम्पादक : पवन जैन पदमावत • पृष्ठ : 2 • मूल्य-0.00 निःशुल्क •

आओ बूथ चले अभियान, मतदाता मार्गदर्शिका व पर्ची का किया वितरण
नव एवं महिला मतदाताओं को पीले चावल बांटकर मतदान के लिए किया आमंत्रित

पदमावत मीडिया

सलूंबर । लोकसभा आम चुनाव 2024 के दौरान रविवार को आओ बूथ चले अभियान के तहत मतदान केन्द्रों पर मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत,सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मयूर शर्मा एवं स्वीप प्रभारी दिनेश पाटीदार के मार्गनिर्देशन में रविवार को विधानसभा क्षेत्र सलूंबर के सभी मतदान केंद्रों पर आओ बूथ चलें अभियान शुरू किया गया। आओ बूथ चले अभियान के अंतर्गत मतदाता परिवारों को मतदाता पर्ची एवं मार्गदर्शिका का वितरण, मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम व क्रमांक की जानकारी प्रदान करना, वीएचए एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम देखने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आओ बूथ चले अभियान के तहत मतदान केन्द्रों पर मतदाता मार्गदर्शिका एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया जाएगा।

इस दौरान सलूंबर जिले के विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रो मे नोली, ओरवाडिया, डाल, इसरवास, सेरिया, बस्सी झुंझावत, करावली, महादेव खेड़ा, डांगीवाड़ा, थरोड़ा, कपुरावतो का बाड़ा, खंडोरा व गिंगला, सराडा के बोरी मलान, करमा तालाब, बाना खुर्द, नेवा तलाई, खरबर, बड़गांव, नाल हलकार, खेरकी, अंबाला, झल्लारा क्षेत्र में भानपुर, हीकावाडा, सेमारी क्षेत्र में बडा वली, गुड़ियावाड़ा, मल्लाडा, ढाणी सीपुर, इंटाली, जयसमंद क्षेत्र में सेमाल, नइझर, वगरूवा, सेरिया भाग संख्या 241,242,243, ईसरवास भाग संख्या 220, बडावली भाग संख्या 250, मल्लाडा, इंटाली गांव सहित जिले के सभी बूथों पर नवयुगल दम्पत्तियों, नवीन मतदाताओं, वरिष्ठजन मतदाता, विशेष योग्यजन मतदाता साथ ही नव मतदाताओं, महिला मतदाताओं को पीले चावल बांटकर मतदान दिवस, 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए आमंत्रित किया गया तथा मतदाता की शपथ दिलवाई गई।

उन्होंने बताया कि इस दौरान सी-विजिल एप पर आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की प्रक्रिया, अपने उम्मीदवार को जानो, मतदान दिवस के दिन मतदान केन्द्र पर पीने का पानी, बैठने की व्यवस्था, छाया आदि सुविधाओं की जानकारी दी गई। मतदाताओं की सहायता के लिये वोटर हेल्प डेस्क गठन की जानकारी, विशेष योग्यजन व वरिष्ठ नागरिकों की सहायता हेतु वॉलिंटियर की नियुक्ति की जानकारी, मतदान केन्द्र में रैम्प, व्हीलचेयर एवं परिवहन सुविधा की जानकारी दी गई। मतदान केन्द्र पर सेल्फी लेकर सीईओ राजस्थान की साईट पर पोस्ट करने पर सर्टिफिकेट एवं बेस्ट सेल्फी को सम्मानित करने की जानकारी दी गई।

इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी पर्वत सिंह चुंडावत एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मयूर शर्मा ने लोकतंत्र के पर्व को सफल बनाने के लिए मत की अनिवार्यता के बारे मतदाताओं को जागरूक किया। सभी मतदान केन्द्रों पर सुपरवाईजर, बीएलओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, बूथ अवेयरनेन्स ग्रुप के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

धर्मों पर टिप्पणियां चिंताजनक, विरोध भी जरूरी लेकिन सकारात्मकता से हो

पदमावत मीडिया

जयपुर । श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर आचार्य श्री शिव मुनि जी महाराज के आज्ञानुव्रती श्रमण संघीय सलाहकार श्री दिनेश मुनि ने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष्य में भारतीय परंपरा व धर्मों पर फिल्म,टीवी,मोबाइल यूट्यूब जैसी चीजों से धर्म की आस्था को चोट पहुंचाया जा रहा हैं,जो बहुत चिंताजनक है और सरकार भी आँखें बंद कर सब देख रही है पर धर्मावलंबी अगर जागरूक होकर अपने धर्म के प्रति निष्ठावान हो जाए तो किसी की ताक़त नहीं कि वह धर्म का किसी भी रूप में अपमान कर सके।

श्रमण डॉ.पुष्पेन्द्र मुनी ने बताया कि कभी कभी जैन धर्म के प्रति जिस तरह की टिप्पणियां होती हैं वह बहुत गंभीर और चिंताजनक है इससे नास्तिकता बढ़ती है जो सही नहीं है। जागरूकता और सकारात्मकता से विरोध होना भी जरूरी है। दूसरी ओर आज के युवा जो फैशन और व्यसन में व्यस्त हैं,उनके लिए उचित मार्गदर्शन आज के दौर में बहुत जरूरत है। इस अवसर पर श्रमण संघीय चतुर्थ पट्टधर आचार्य श्री शिव मुनि जी महाराज के आज्ञानुव्रती श्रमण संघीय सलाहकार श्री दिनेश मुनि और डॉ. द्वीपेन्द्र मुनी एवं श्रमण डॉ.पुष्पेन्द्र मुनी ने गुड मॉर्निंग इण्डिया समाचार पत्र का अवलोकन किया और समाचार पत्र के प्रधान संपादक सुरेन्द्र जैन को आशीर्वाद दिया द्य

इस अवसर पर अल्पसंख्यक मामलात विभाग की निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव नलिनी कठोतिया विशेष रूप से दर्शनार्थ उपस्थत हुई श्रमण सलाहकार दिनेश मुनि ने कठोतिया को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सरकार द्वारा अल्पसंख्यक कल्याण के लिए जो योजनाए चल रही है और जो अभी तैयार की जा रही है उनके संदर्भ मे जानकारी प्राप्त की और वहां बैठे श्रावक - श्राविकाओ को समाज में उसका व्यापक प्रचार - प्रसार करने के लिए आदेश दिया जिससे कि जैन समुदाय के लोगों को उसका उचित लाभ मिल सकें। हाल ही में 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत अल्पसंख्यक मामलात विभाग द्वारा जारी किए श्रमण सुरक्षा के आदेश पर भी उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सरकार व समुदाय के बीच सामंजस्य स्थापित हो जिससे कि विहार दौरान संतों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के अध्यक्ष जिनेंद्र जैन ने बताया कि जैन धर्म के श्रमणो का जीवन कठोरतम धर्म है। पैदल चलना,अहिंसा यात्रा को आगे बढ़ाना,हाथों से केशों का लोचन करना,गांव-गांव जाकर धर्म के प्रति अलख जगाना,जीवन का अनुभव धर्म है। इस अवसर पर श्रमण संघीय सलाहकार दिनेश मुनि ने अल्पसंख्यक मामलात विभाग की निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव नलिनी कठोतिया एवं गुड मॉर्निंग इण्डिया के प्रधान संपादक सुरेन्द्र जैन और राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन को 'हमारे गणधर' व 'हमारे श्रावक' दोनों साहित्यों और जिनशाशन का कैलेण्डर भेंट किया। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मामलात विभाग की निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव नलिनी कठोतिया,नचिकेता गुरुकुल के मंत्री मुकेश जैन, अल्पसंख्यक मामलात विभाग की कार्य म अधिकारी सुनिता जैन, राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् के संरक्षक अशोक बांठिया एवं सलाहकार सुरेन्द्र जैन एवं गौरव जैन आदि उपस्थित रहे ।

आत्म स्वभाव की अनुभूति करना ही निर्ग्रन्थ साधक का लक्ष्य है - आचार्य विमर्श सागर
चौबीस सन्तो के साथ कामां में धर्म प्रभावना, युवा वर्ग उत्साहित

पदमावत मीडिया



कामां/भरतपुर । शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के प्रांगण में स्थित विजयमती स्वाध्याय भवन में भावलिंगी संत दिगम्बर जैन आचार्य विमर्श सागर महाराज ने कहा कि निर्ग्रन्थ वीतरागी मुद्रा को धारण बहिरंग के कारण नहीं करते हैं अपितु अंतरंग के कारण यह मुद्रा धारण की जाती है। आत्म स्वभाव की अनुभूति करने के लिए ही दिगंबर संत निर्ग्रन्थ वीतरागी मुद्रा को धारण करते हैं वह जानते हैं की आत्म स्वभाव की अनुमति में बाधक तत्व क्या है इसे भेद विज्ञानी साधक अच्छी तरह समझते हैं। क्रोध, मान, माया, लोभ कषाय के परिणाम ही हमारे आत्म शुद्धि में बाधक है और इस अंतरंग तत्व की प्राप्ति हेतु अर्थात आत्म की शुद्धि हेतु वीतराग निर्ग्रन्थ मुद्रा को धारण किया जाता है व्यक्ति परिवार, रिश्ते, संबंध सबको अपना मानता रहता है और उनकी ही सार सभाल में ही लगा रहता है और यही उसकी आत्म शुद्धि के बाधक त त्व हैं जिसे निर्ग्रन्थ दिगम्बर साधक अच्छी तरह समझता है और अपनी आत्मा में लीन हो जाता है यही भाव लिंगी होता है। आचार्य ने एक प्रश्न की भावलिंगी क्या होता है? का उत्तर देते हुए कहा कि शारीरिक 28 मूलगुण द्रव्य लिंग होते हैं जैसे निग्रन्थ बनना,परिग्रह रहित होना केशलोंच होना आदि अर्थात द्रव्य लिंग के आश्रय से निर्ग्रन्थ वीतरागी सन्त आत्म स्वभाव की अनुभूति करते है और यही भावलिंगी कहलाता है। अपने आत्म स्वभाव से परिचित होना अर्थात स्वयं की आत्मा का कल्याण करने में लीन हो जाना ही भाव लिंगी कहलाता है। आचार्य ने समाज को समझाते हुए कहा कि किसी भी कार्य को करने का प्रयोजन उचित होना चाहिए। प्रयोजन बदलने से परिणाम बदल जाता है अतः प्रयोजन की औचित्यता अति आवश्यक है जिसका ध्यान समाज के सभी वर्गों को रखना चाहिए संतो के आगमन पर समाज में संस्कृति का संरक्षण व जुड़ाव होता है और एक नई ऊर्जा का संचार भी होता है एक सच्चा संत ही समाज को सही दिशा दिखाने में कारगर होता है। सभी श्रावकों को केवल तीन बातों पर ध्यान रखना चाहिए सच्चे देव, सच्चे शास्त्र और सच्चे गुरु वही उसके जीवन का कल्याण कर सकते हैं। धर्म नगरी कामा में आचार्य सुनील सागर महाराज के सानिध्य में भव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन हुआ उसके सवा माह बाद ही इतने बड़े संघ का आगमन हुआ है जिससे महती धर्म प्रभावना हो रही है।

चारभुजा नाथ के जयकारों से गूंज उठा भल्लो का गुड़ा गांव

पदमावत मीडिया

उदयपुर । भल्लों का गुडा गांव में बने चारभुजा मंदिर एवं शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन ग्रामीणों की ओर से विशाल शोभायात्रा निकाली गई। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि रविवार को 5 दिवसीय कार्यं म के चौथे दिन रविवार को निकली भव्य शोभायात्रा चारभुजा नाथ के जयकारों से गूंज उठी। भव्य शोभायात्रा में चारभुजानाथ का ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया। चारभुजानाथ की विशाल यात्रा गांव के प्रमुख मार्गो से निकलते हुए मंदिर पर समाप्त हुई। इस दौरान जगह–जगह पर चारभुजानाथ के भक्तों ने दर्शन कर जयकारें लगाए, इससे पूरे गांव में भक्तिमय माहौल हो गया। सोमवार को मुख्य कलश की स्थापना के साथ ही महाप्रसादी का आयोजन होगा। विशाल शोभायात्रा में शामिल पुरुषों ने सफेद और केसरिया वस्त्र धारण कर रखे थे। गाजे बाजे के साथ निकली विशाल शोभायात्रा में ग्रामीण चारभुजा जी के भजनों पर जमकर थिरके। आयोजकों ने बताया कि इस भव्य आयोजन में कई संतो का सानिध्य प्राप्त होगा। सोमवार को मुख्य कलश स्थापना के दौरान संत समागम भी होगा।

उदयपुर में पिछले 10 साल से 7 मामलों में फरार स्थाई वारंटी अहमदाबाद से गिरफ्तार

पदमावत मीडिया

उदयपुर । शहर के प्रताप नगर थाना पुलिस ने बीते 10 साल से 7 मामलों में फरार चल रहे स्थाई वारंटी को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी भरत योगी ने बताया कि आरोपी 32 वर्षीय अंकित जैन पुत्र जीवनधर जैन निवासी लकड़वास हाल सेजपुर अहमदाबाद को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी उदयपोल में लवनेस्ट के नाम से मोबाइल फोन की दुकान चलाता था। जिसके चलते आरोपी द्वारा शहर में अलग-अलग कई लोगों से लाखों रुपए उधार लिए गए। जिसके बाद आरोपी ने लोगों को वापस पैसों का भुगतान नहीं किया और शहर छोड़कर फरार हो गया।

आरोपी बीते 10 साल से फरार चल रहा था। कई लोगों द्वारा आरोपी के खिलाफ एनआईएक्ट के तहत मुकदमे दर्ज कराए गए जिसमें आरोपी के खिलाफ शहर के एनआईएक्ट न्यायालय में 7 स्थाई गिरफ्तारी वारंट चल रहे थे। डिप्टी छगन पुरोहित के निर्देशन में अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी। जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव का हुआ आगाज

पदमावत मीडिया

उदयपुर । सकल जैन समाज उदयपुर की प्रतिनिधि संस्था महावीर जैन परिषद के तत्वावधान में भारतीय जैन संघटना उदयपुर की ओर से 100 फीट रोड स्थित शुभकेसर गार्डन में रविवार सायं 6.30 बजे श्रमण भगवान महावीर स्वामी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज नमस्कार महामंत्र का जाप एवं 1008 दीपों की महाआरती से हुआ। महावीर जैन परिषद के मुख्य संयोजक राजकुमार फत्तावत ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि 21 अप्रेल 2024 को भव्य शोभायात्रा एवं जैन समाज का महाकुंभ होगा। इस अवसर पर कांकरोली के सुर संगम ग्रुप के दीपक चोर्डिया, हिम्मत बाबेल, विनोद बोहरा, ललित बापना और सुनिल कोठारी ने नवकार मंत्र मारो प्यारों..., बाजे कुण्डलपुर में बधाई..., महावीर प्रभु के चरणों में श्रद्धा के कुसुम चढ़ाए..., सब स्यू प्यारो, सब स्यू न्यारों यो आदेश्वर सांवरियों..., ना ओसवाल मुझे कहनां, ना पोरवाल मुझे कहना..आदि भक्ति गीतों से मौजूद जनमेदिनी को झुमने पर मजबुर कर दिया। भारतीय जैन संघटना के अध्यक्ष यशवंत कोठारी ने बताया कि नमस्कार महामंत्र के जाप में विजयलक्ष्मी गलूंडिया ने संदेशे आते है, गंगा मय्या, कौन दिशा में लेके चला रहे..., सावन का महिना..., सूरज कब दूर गगन से..., अफसाना लिख रही हूं..., तुम दिल की धड़कन में... गानों की तर्ज पर प्रस्तुति देते हुए सैकड़ों की संख्या में उपस्थित धर्म प्रेमी बन्धुओं ने नमस्कार महामंत्र का जाप किया। साथ ही सर्व यसा दशा हुमड महिला मण्डल द्वारा महावीर गाथा, बीजेएस गर्ल्स विंग द्वारा नवकार मंत्र जय-जय वीरा, चित्तौड़ा महिला मण्डल ने सजाओं हर-घर आंगने को मेरे घर भगवान आए है, जेएसजी यूनिक संगिनी ने 84 लाख मंत्रों का जो सरदार है वह मंत्र नवकार है, पुष्प बहु मण्डल ने हालात बड़े ही मुश्किल है पर हार नहीं मानूंगा, मेरे वीर प्रभु सा कोई नहीं गीतों पर नृत्य प्रस्तुति देकर समा बांध दिया।

- विराट सांस्कृतिक संध्या का आयोजन आज

महावीर जैन परिषद के कोषाध्यक्ष कुलदीप नाहर ने बताया कि 15 अप्रेल सोमवार को शुभकेसर गार्डन में जैन समाज के विभिन्न महिला संगठनों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन होगा।

- इनकों किया सम्मानित

महावीर जयंती महोत्सव 2023 की शोभायात्रा में विजेता रहे - झांकियों में चित्तौड़ा महिला मण्डल प्रथम, महावीर जैन सैकण्डरी स्कूल सेक्टर 4 द्वितीय तथा अग्रवाल दिगम्बर जैन समाज देवाली तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, शोभायात्रा में सम्मिलित स्कूलों में गुरुकुल सीनियर सैकण्डरी स्कूल प्रथम, अग्रवाल जैन विद्यालय द्वितीय, वरदान सीनियर सैकण्डरी स्कूल सेक्टर 13 तृतीय स्थान पर रहे। समाज संगठनों में तेरापंथ समाज प्रथम, केसरिया मित्र मण्डल द्वितीय, दिगम्बर जैन बीसा हुमड महिला मण्डल, वागड़ छप्पन दिगम्बर जैन बीसा नरसिंहपुरा समाज संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। जिन्हे अतिथियों ने स्मृती चिन्ह, उपरणा व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

बीजेएस महामंत्री भूपेन्द्र गजावत ने बताया कि आयोजन में शहर विधायक ताराचंद जैन, उप महापौर पारस सिंघवी, दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, कुलदीप नाहर, यशवंत आंचलिया, नरेन्द्र सिंघवी, नितुल चण्डालिया, दिलीप सुराणा, अशोक कोठारी, श्याम नागोरी, संजय भण्डारी, सुधीर चित्तौड़ा, विनोद फान्दोत, महेन्द्र तलेसरा, नितिन लोढ़ा, ऋतु मारू, नीता छाजेड़, आदि अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ बीजेएस लेडिज विंग अध्यक्षा मीना कावडिया एवं समूह के नमस्कार महामंत्र से व अतिथियों के दीप प्रज्जवल से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत बीजेएस अध्यक्ष यशवंत कोठारी ने तथा आभार महामंत्री भूपेन्द्र गजावत द्वारा ज्ञापित किया गया।

ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन का भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक का हुआ आगाज पर रक्तदान शिविर का आयोजन

पदमावत मीडिया

जयपुर । ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के द्वारा भगवान महावीर के 2623 वे जन्मोत्सव के अंतर्गत आदिनाथ जयंती से महावीर जयंती तक दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के तत्वाधान में रविवार 14 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन एस.आर.के. मैक्स हॉस्पिटल एवरेस्ट कॉलोनी लाल कोठी जयपुर में आयोजित किया गया। ह्यूमन ग्लोरी फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रमोद जैन भँवर ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीता बूचरा व सुरेंद्र जैन पांड्या, राजेश बड़जात्या व राकेश गुप्ता रहे। कार्यक्रम मुख्य संयोजक राकेश गोदिका सहित मनीषा जैन, निर्मल संघी, धेनु कुमार जैन, नरेंद्र ठोलिया, राकेश संघी, राजकुमार राजू, विशाल गौतम, दीपक ताम्बी, डॉ राजेंद्र जैन राँवका, महेंद्र छाबड़ा रहे । अंत में प्रेम कुमार जैन क्षेत्रपाल ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

फायर सर्विस डे पर श्रद्धांजलि सभा, जागरूकता रैली निकाली

पदमावत मीडिया

उदयपुर । राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह 2024 के तहत रविवार को फायर सर्विस डे अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन केंद्र अशोक नगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश, उप महापौर पारस सिंगवी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी बाबूलाल चौधरी,, अग्निशमन अधिकारी शिवराम मीना एवं सहा. अग्निशमन अधिकारी नवदीप सिंह बग्गा, निगम उदयपुर के आपदा प्रबंधन समिति के चेयरमैन महेंद्र भगोरा लखन बैरवा, सत्यनारायण, सहित दमकल कर्मियों ने सन् 1944 अप्रैल में अग्निदूर्घटन से शहीद हुए वीर फायरफाइटर को श्रद्धांजलि अर्पित। श्रद्धांजलि सभा के बाद अग्निशमन विभाग की ओर से आग की रोकथाम, अग्नि सुरक्षा और जागरूकता विषय पर रैली के माध्यम से उदयपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर अग्निशमन वाहनो से हूटर, साइरन, फ्लेक्स, पोस्टर, बैनर्स व पम्पलेट्स आदि के माध्यम से आमजन को जागरूकता संदेश दिया गया।

संविधान निर्माता डॉ भीम राव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई

पदमावत मीडिया

मेनार। संविधान बात डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जन्म जयंती को लेकर के क्षेत्र में विविध कार्यं मों का आयोजन किया गया। इसी तहत रविवार को बाठेड़ा कला में भीम अनुयाइयों द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में कार्यं म का आयोजन कया गया। कार्यं म की शरुआत बाबासाहेब डॉ भीम अंबेडकर जी तस्वीर पर पुष्पांजलि से हुई। सभी वक्ताओं ने उनके जीवन एवम संघर्ष पर प्रकाश डाला। उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान छोगा लाल सालवी, चुन्नीलाल मेघवाल कृषि अधिकारी सेवानिवृत्ति, मन्नालाल खटीक, दिनेश कुमार खटीक, धनराज, भूमि चंद खटीक, जगदीश चंद्र मेघवाल, डॉ आंबेडकर जन्मोत्सव समारोह समिति के चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी महेश मेघवाल, लोकेश खटीक, प्रवीण मेघवाल, हेमेंद्र खटीक, दिनेश मेघवाल सहित कार्यकर्त्ता उपस्थित थें।

लेकसिटी में हुआ मेकिंग उदयपुर प्राउड अवार्ड शो

ताराचंद गवारिया व कौशिक शुक्ला सहित 30 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

पदमावत मीडिया

उदयपुर । लेकसिटी में शनिवार को नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल में शेड्स ऑफ़ उदयपुर एवं नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को मेकिंग उदयपुर प्राउड अवार्ड शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों में उदयपुर को गौरवान्वित करने वाली 30 विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

शेड्स ऑफ़ उदयपुर के गगन शर्मा ने बताया कि इस अवार्ड शो का मुख्य उद्देश्य उन लोगो को सम्मानित करना है जो कई वर्षों से अपने कार्यक्षेत्रों में विशिष्ट प्रदर्शन कर रहे है। इस अवार्ड के द्वारा उन्हें प्रोत्साहित करके उनकी उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। इस अवार्ड शो की मुख्य अतिथि जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं चित्रकार श्रीमती कीर्ति राठौड़, नेक्सस सेलिब्रेशन मॉल की सेंटर हेड शेफाली बजाज, उदयपुर स्मार्ट सिटी के एसीईओ कृष्णपाल सिंह चौहान, पुनीत शर्मा, दिग्विजय सिंह जगत एवं डी एल गर्ग थे।

समारोह में अतिथियों ने ख्यातनाम नेशनल फोटो जर्नलिस्ट ताराचंद गवारिया और एंकर कौशिक शुक्ला सहित 30 प्रतिभाओं को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए मेकिंग उदयपुर प्राउड अवार्ड से सम्मानित किया गया। गवारिया को उनकी फोटो पत्रकारिता में पिछले दो दशक की सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। ट्रेवल ब्लॉगर और फोटो जर्नलिस्ट गवारिया ने गत वर्षों में अपने कला–कौशल के दम पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की घटनाओं के फोटोग्राफ्स का प्रकाशन करवा कर मेवाड़ अंचल को गौरवान्वित किया है। गवारिया के कई फोटोग्राफ्स को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड भी प्राप्त हुए हैं।

इसी प्रकार एंकर कौशिक शुक्ला ने एंकरिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। कौशिक की एंकरिंग यात्रा सेलिब्रेशन मॉल से ही शुरू हुई थी और अपने विश्वविद्यालय और छोटे आर्केस्ट्रा शो में शुरुआत के साथ कौशिक ने भारत के 15 राज्यों के 50 से अधिक शहरों में प्रदर्शन किया और कई नामी हस्तियों के साथ मंच साझा किया। पिछले 12 वर्षों में कौशिक ने एक हजार से अधिक शो कर मनोरंजन जगत में अपना नाम कमाया है। उन्हें विशेष रूप से डेस्टिनेशन मारवाड़ी शादियों में एंकरिंग के लिए जाना जाता है।

दीक्षा कल्याणक प्राण-प्रतिष्ठित नव मूर्तियों का नगर में निकला भव्य वरघोड़ा

आठ दिवसीय नाकोड़ा पार्श्वनार्थ अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आठवें दिन हुए विविध आयोजन

पदमावत मीडिया

उदयपुर । श्री मोती कृष्ण गौधाम, नाकोड़ा कामधेनु पार्श्वनार्थ मंदिर राणाकुई वल्लभनगर में चल रहे नाकोड़ा पार्श्वनाथ अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के आठवें दिन रविवार 14 अप्रेल को परमात्मा का दीक्षा कल्याणक का वरघोड़ा, दीक्षा कल्याणक स्टेज प्रोग्राम एवं रात्रि में अधिवासना, अंजन प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा।

संस्था के हस्तीमल लोढ़ा एवं श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि राष्ट्रसंत आचार्य गुरुदेव चन्द्राननसागरसूरीश्व महाराज की निश्रा में सुरेखादेवी लोढ़ा चेरीटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित नवनिर्मित जिनालय की अंजनशलाका प्राण प्रतिष्ठा में विधि कारक कल्पेश भाई सिरोड़ी अहमदाबाद वाले ने विधि विधान से अष्ठ प्रकार के मंत्रोच्चारण से पूजा विधि के कार्य सम्पन्न कराएं। आरती, मंगल दीपक, सुबह सर्व औषधी से महाअभिषेक एवं अष्ट प्रकार की पूजा-अर्चना की गई। उन्होनें बताया कि श्री मोती कृष्ण गौधाम, नाकोड़ा कामधेनु पार्श्वनार्थ मंदिर से वरघोड़ा निकाला गया। जिसमें सबसे आगे गजराज थे उसके पीछे पांच घोड़ों पर जैन ध्वज हाथ में लिए श्रावक चल रहे थे। उसके पीछे दो बैण्ड अपनी स्वर लहरियां बिखेरते हुए चल रहा था। उसके बाद दो सुसज्जित बग्गियां चल रही थी,उनके पीछे 2 ऊंट गाड़ी जिसमें जैन समाज की विभिन्न झांकियां सजी हुई थी। उसके बाद दो रजत पालगी में भगवान को विराजित कर श्रावक चल रहे थे। शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रावक-श्राविकाओं द्वारा गऊली बनाकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। मार्ग में हजारों की संख्या में मौजूद श्रावक-श्राविकाएं भगवान के जयकारें लगाते हुए चल रहे थे। स्नात्र पूजा के बाद वरघोड़ा विभिन्न मार्गों से होते हुए पुन» मंदिर प्रांगण में पहुंचा। जहां साधु-साध्वी भगवंत आचार्य चन्द्राननसागर सुरिश्वर, प्रवर्तक मुनिवर हरीशचन्द्रसागर, पुष्पचन्द्रसागर, जैनेशचन्द्रसागर, कार्यदक्ष मुनि मननचन्द्रा सागर, निपुणचन्द्रसागर, अर्हम्चन्द्र सागर, साध्वी कल्पिताश्रीजी, साध्वी चारुताश्रीजी, साध्वी आशीताश्रीजी, साध्वी रीषीताश्रीजी, नूतन बाल साध्वी पूज्यताश्रीजी का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। रात्रि में संगीतकार निखिल सोनीगरा व नरेन्द्र वाणी गोता ने अपनी स्वर लहरियों से सुर बिखरें एवं नाकोड़ा भैरव के भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर हस्तीमल लोढ़ा, महासभा महामंत्री कुलदीप नाहर, मंजू देवी लोढ़ा, शिल्पा लोढ़ा, अवीश, अनिषा, सान्वी लोढ़ा, देवेन्द्र मेहता, सागर जैन, हितेश जैन, गौरव जैन, रिषीत जैन, शिल्पा लोढ़ा, अवीश लोढ़ा, रोशनलाल लोढ़ा, दिनेश जैन, चांदमल लोढ़ा, मुकेश बोहरा, अमित कुमार पामेचा, दौलत सिंह सुराणा, यशवंत मण्डोत, सुनिल पगारिया, चद्रप्रकाश वागरेचा, भूपेन्द्र चण्डालिया, अनिल कावडिया, चेतन चण्डालिया, अनिला विसलोत, अशोक मेहता, नाकोड़ा भक्ति मण्डल के कई श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे। इस अवसर पर नवकारसी एवं स्वामीवात्सल्य का आयोजन हुआ।

- आज होंगे ये कार्यक्रम

हस्तीमल लोढ़ा ने बताया कि 15 अप्रेल सोमवार को मुख्य मंदिर में सभी प्रतिष्ठत प्रतिमाओं की मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा होगी। शिखर पर कलश एवं ध्वज दण्ड चढ़ाया जाएगा।

होम वोटिंग के लिए अधिग्रहित वाहनों के स्वामियों व चालकों द्वारा आदेशों की अवहेलना करने पर 11 के विरुद्ध कारवाई

पदमावत मीडिया

भीनमाल । लोकसभा आम चुनाव के दौरान होम वोटिंग के लिए अधिग्रहण किए गए 11 वाहनों के स्वामियों / चालकों द्वारा आदेशों की अवहेलना करने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के साथ ही वाहन चालक का लाईसेंस व वाहन की आरसी निलंबित की गई।

जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा अधिकारी भीनमाल ने बताया कि यातायात के प्रभारी अधिकारी व जालोर उपखण्ड अधिकारी प्रमोद सीरवी के निर्देशानुसार 8 अप्रेल को होम वोटिंग के लिए वाहनों का अधिग्रहण किया गया था । जिसमें 11 वाहन स्वामियों/चालकों द्वारा आदेशों की अवहेलना कर नियत समय पर वाहन उपलब्ध नहीं करवाये गये । जिससे चुनाव कार्य प्रभावित हुआ एवं राजकार्य में बाधा उत्पन्न हुई । जिसे गंभीरता से लेते हुए रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशानुसार आदेश की अवहेलना करने पर वाहनों के चालकों/स्वामियों के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 (1951 का 43) की धारा 160 के तहत कार्यवाही जा रही है तथा वाहन चालक का लाईसेंस व वाहन की आरसी के निलंबन की कार्यवाही की गई।

संभवनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक पर चढ़ाया निर्वाण लड्डू

पदमावत मीडिया

उदयपुर । शहर के बड़ा बाजार स्थित संभवनाथ दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज के तीसरे तीर्थंकर भगवान श्री संभवनाथ का मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ दशा नागदा जैन समाज द्वारा मनाया गया। जैन महिला परिषद अध्यक्ष कल्पना गदावत ने बताया की 31 रस रसों द्वारा एवं अष्ट द्रव्य से महापंचामृत अभिषेक किया गया। प्रात» काल की मेला में मूल नायक सम्भवनाथ भगवान को रजत जड़ित गगन गुटी पर विराजमान कर जलाभिषेक एवं महा पंचामृत अभिषेक किया गया। महावीर कुमार, सरोज देवी ,सचिन कुमार हपावत ने महाशांति धारा की। रितेश गुणावत, टेकचंद मुंडलीया नंदलाल मुंडलिया, फतेहलाल मुंडलिया रोशन लाल देवड़ा झमक लाल मुंडलिया आदि ने भगवान की शांति धारा एवं रस की धारा से पंचामृत अभिषेक किया। समाज के सेठ शांतिलाल विमल कुमार गदावत, भंवरलाल गदावत ने बताया की मोक्ष कल्याणक के बाद निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। इस अवसर पर समाज के सुरेश कुमार लखावला, हेमराज मुंडलिया, लक्ष्मी लाल पूजावत, गणपत लाल जोलावत, बृजलाल बोहरा, कनकमल मुंडलिया, झमकलाल पंचोली, राजेश गदावत, रवीश मुंडलिया, राजेश देवड़ा, विनोद गुनावत, राकेश पंचोली, नितिन कोठारी, मुकेश मुंडलिया, पवन बोहरा, हेमंत खलूडिया, महावीर मुंडलिया, विनोद भोजावत, पुष्कर देवड़ा, प्रकाश बया, हरीश बोहरा, मुकेश गदावत आदि मौजूद रहे।

निर्वाचन लेखा प्रस्तुत नहीं करने पर इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी के प्रत्याशी फौजाराम को कारण बताओ नोटिस जारी

पदमावत मीडिया

भीनमाल । लोकसभा आम चुनाव के दौरान रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने निर्वाचन लेखा निरीक्षण के लिए प्रस्तुत नहीं करने पर इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी के प्रत्याशी फौजाराम को कारण बताओ नोटिस जारी कर 17 अप्रेल को प्रातः 11 बजे तक लेखा निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

जालोर संसदीय क्षेत्र (18) की रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-77 (1) के अनुसार अभ्यर्थी द्वारा अपने निर्वाचन व्यय का दिन-प्रतिदिन का लेखा सही-सही संधारण किया जाकर व्यय पर्यवेक्षक अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्तियों को निरीक्षण के लिए प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है । किन्तु इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी के प्रत्याशी फौजाराम द्वारा अभ्यर्थियों के निर्वाचन लेखा निरीक्षण के लिए निर्धारित तिथि 12 अप्रेल 2024 को लेखा निरीक्षण के लिए प्रस्तुत नहीं किया गया।

उन्होंने निर्वाचन लेखा प्रस्तुत नहीं करने पर इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी के प्रत्याशी फौजाराम को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया कि वे निर्वाचन लेखा निरीक्षण के लिए निर्धारित समय पर प्रस्तुत करने में विफल होने के कारणों से अवगत करवाते हुए 17 अप्रेल तक लेखा निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करें अन्यथा उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

जो बूथ नहीं जा सकते, उन तक पहुंची मतदान टीमें गांव-फलों और दुर्गम स्थलों पर पहुंच कराया मतदान

पदमावत मीडिया

उदयपुर । लोकसभा आम चुनाव- 2024 में जन-जन की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग कृतसंकल्पित है। 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले दिव्यांगजनों को घर बैठे मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया गया नवाचार कई चेहरों पर मुस्कान के साथ ही देश के लिए मतदान कर पाने का संतोष उभारने में सफल हो रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में होम वोटिंग टीमें रविवार से संसदीय क्षेत्र के विभिन्न गांव-फलों में पहुंची तथा जो बूथ नहीं जा सकते, ऐसे चिन्हित लोगों के घर जाकर उसने मतदान कराया। होम वोटिंग का प्रथम चरण 21 अप्रैल तक चलेगा।

उदयपुर संसदीय क्षेत्र में कुल 3152 वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजनों ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है। इनसे मतदान कराने के लिए 70 टीमों का गठन किया गया है। शनिवार को इन टीमों को अंतिम प्रशिक्षण देकर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया था। होम वोटिंग प्रकोष्ठ प्रभारी तरू सुराणा ने बताया कि मतदान दलों ने रविवार को संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के निर्देशन में होम वोटिंग प्रक्रिया प्रारंभ की। टीमों ने पहले पहले दिन लक्षित मतदाताओं को दूरभाष से सूचना दी, ताकि टीम के पहुंचने पर मतदाता घर पर मौजूद मिले। निर्वाचन की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए राजनैतिक दलों को भी रूट चार्ट उपलब्ध कराया, ताकि प्रत्याशियों के अधिकृत प्रतिनिधि भी मतदान के दौरान उपस्थित रह सकें। टीमों ने चिन्हित मतदाताओं के घर पहुंच कर चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुरूप मत की गोपनीयता का ध्यान रखते हुए मतदान कराया। आयोग के निर्देशानुसार मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई। कई स्थानों पर प्रत्याशियों के अधिकृत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

सुराणा ने बताया कि होम वोटिंग का पहला चरण 14 से 21 अप्रैल तक चलेगा। पहली विजिट में अनुपस्थित पाए गए मतदाताओं का दूसरे चरण 22 से 23 अप्रैल में मतदान कराया जाएगा। दोनों ही बार अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित मतदाता मतदान से वंचित रहेंगे।

आयोग और प्रशासन का जताया आभार

वृद्धावस्था अथवा शारीरिक अक्षमता के कारण बूथ तक जाने में असमर्थ मतदाताओं को जब घर बैठे मतदान का अवसर मिला तो उनके चेहरे पर खुशी और लोकतंत्र में सहभागिता का संतोष देखने मिला। मतदाताओं ने इस सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग तथा जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

आशाधाम आश्रम में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

पदमावत मीडिया

उदयपुर । आशा धाम आश्रम में संस्थापिका सिस्टर डेमियन की अध्यक्षता में बिशप स्वामी जोसेफ पतालील की स्मृति में विमंदित लाभार्थियों के साथ तीन दिवसीय (13 से 15 अप्रैल) खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

मेवाड़ जनशक्ति दल उदयपुर संस्थापक नरेश कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व बिशप स्वामी जोसेफ पतालील की तस्वीर पर माल्यार्पण कर फादर जेम्स द्वारा प्रार्थना करवा कर किया गया सर्वप्रथम अतिथियों का उपर्णा पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम के अतिथि रहे श्रीमती चेतनाजी भाटी पुलिस उपअधीक्षक उदयपुर में अपने संबोधन में बताया कि आशाधाम आश्रम में निवास करने वाले सभी लाभार्थियों के साथ जो खेलकूद प्रतियोगिता हो रही है यह उनके लिए विशेष है क्योंकि मानसिक रूप से संबंधित लोगों के साथ कार्य करना कठिन रहता है ऐसा साहस आशा धाम आश्रम में ही हो सकता है सिस्टर डेमियन द्वारा जो सेवा की जा रही है वह विशेष है कार्यक्रम में अतिथि रहे एडवोकेट निर्मल जी पंडित ने अपने संबोधन में बिशप स्वामी जोसेफ पतालील को याद करते हुए उनके द्वारा किए गए योगदान के बारे में बताया कि उनका सहयोग सिस्टर डेमियन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण था उनके सहयोग से ही आशाथाम आश्रम की शुरुआत हुई तथा आश्रम के लिए उनका दिशा निर्देश और आशीर्वाद महत्वपूर्ण रहा है साथ ही संस्थापिका सिस्टर डेमियन ने आश्रम की स्थापना में बिशप स्वामी जोसेफ पतालील के योगदान के बारे में विस्तार से बताया कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे श्रीमान भाटी साहब पुलिस उप अधीक्षक उदयपुर ने संबोधित किया तथा अतिथियों ने झंडा रोहण कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया।

सात दिवसीय महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आगाज़

पदमावत मीडिया

उदयपुर। महावीर सेवा संस्थान, फतहपुरा के तत्वधान में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का आयोजन स्नात्र पूजा से प्रारंभ किया गया।

संस्थान प्रवक्ता प्रशांत भंडारी ने बताया कि महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के प्रथम दिवस का आगाज़ श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर में स्नात्र पूजा एवं नवकार महामंत्र जाप से किया गया।

अध्यक्ष महेश पोरवाल ने बताया महावीर सेवा संस्थान की महिला प्रकोष्ठ ने स्नात्र पूजा, नवकार मंत्र जाप एवं प्रभु भक्ति का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की पुष्पा सुराना, कल्पना नाहर, राजमती नलवाया, संगीता जैन, सुनीता बोकाड़िया, सपना भंडारी, वनिता पोरवाल, विजयलक्ष्मी जैन, अनीता सेठ, किमी पोरवाल, अनु भंडारी आदि महिला प्रकोष्ठ एवं संस्थान के योगेश सेठ, विजय सिसोदिया, अशोक जैन, जीवन कोठारी, मनोज आंचलिया आदि सदस्यों ने भाग लिया।

संस्थान के नरेंद्र जैन ने बताया कि 15 अप्रैल को जीव दया कार्यक्रम रखा गया है।

स्नात्र पूजा के लाभार्थी परिवार उज्जवल, हेमंत-बिंदु, वीरेश-अग्रता, वीरेश भंडारी का बहुमान किया गया।

बूथों पर पहुंचे मतदाता, जानी चुनाव से जुड़ी जानकारियां बीएलओ ने वितरित की मतदाता पर्ची व मार्गदर्शिका

पदमावत मीडिया

उदयपुर । देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनावों में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से रविवार को आओ बूथ चलें अभियान चलाया गया। इसके तहत सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहे तथा मतदाताओं को निर्वाचन से जुड़ी जानकारी देते हुए मतदाता पर्ची और मार्गदर्शिका का वितरण किया।

उदयपुर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन दीपेंद्र सिंह राठौड़ व स्वीप प्रभारी जिला परिषद सीईओ कीर्ति राठौड़ के मार्गदर्शन में आओ बूथ चलें अभियान का आगाज हुआ। शहर सहित जिले भर के मतदान बूथों पर रविवार को बीएलओ उपस्थित रहे। इससे पूर्व बीएलओ ने अपने क्षेत्र के मतदाताओं को अभियान के बारे में बताते हुए बूथ पर आने का न्यौता दिया। दिनभर मतदाताओं के बूथ पर आने का क्रम जारी रहा। बीएलओ ने मतदाताओं को वोटर लिस्ट में नाम व क्रमांक की जानकारी दी। साथ ही वीएचए एप के माध्यम से मतदाता सूची में नाम देखने, सी-विजिल एप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराने, नो यॉर कंडिडेट एप के जरिए अपने उम्मीदवारों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बारे में समझाया। मतदान दिवस पर बूथ की छाया, पानी, बैठक व्यवस्था को लेकर चर्चा की। वोटर हेल्प डेस्क गठन, विशेष योग्यजन व वरिष्ठ नागरिकों की सहायता हेतु वॉलिंटियर उपलब्ध रहने,, मतदान केन्द्र में रैम्प, व्हीलचेयर एवं परिवहन सुविधा आदि के बारे में भी बताया। मतदान केन्द्र पर सेल्फी लेकर सीईओ राजस्थान की साईट पर पोस्ट करने पर सर्टिफिकेट एवं बेस्ट सेल्फी को सम्मानित करने की जानकारी की। मतदान केंद्रों पर मतदान दिवस 26 अप्रैल और समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक की सूचना अंकित पोस्टर आदि भी लगाए गए।

मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण आज से

पदमावत मीडिया

उदयपुर । लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर गठित मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण सोमवार से शुरू होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल ने बताया कि मतदान दल में शामिल पीठासीन अधिकारी तथा मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण 15 व 16 अप्रैल को सुबह 9 बजे से माणिक्यलाल वर्मा श्रमजीवी महाविद्यालय परिसर तथा राजकीय फतह उमावि परिसर में होगा। इस दौरान मतदान दलों में शामिल कार्मिकों के डाक मत पत्र से मतदान के लिए दोनों स्थलों पर 12-12 सुविधा केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। इनमें 8-8 केंद्र विधानसभा वार तथा शेष 4 अन्य जिलों के कार्मिकों के लिए रहेंगे।

पोसवाल ने बताया कि मतदान अधिकारी द्वितीय व तृतीय का प्रशिक्षण 18 एवं 20 अप्रैल को श्रमजीवी महाविद्यालय तथा फतह स्कूल परिसर में होगा। वहीं महिला एवं दिव्यांग मतदान केंद्रों के दलों का प्रशिक्षण 21 अप्रैल को श्रमजीवी महाविद्यालय परिसर में होगा। इस दरम्यान भी डाक मत पत्र से मतदान के लिए सुविधा केंद्र संचालित किए जाएंगे।

आचार्य पदमभुषण रत्न सुरिश्वर संघ का आयड़ तीर्थ में प्रवेश

पदमावत मीडिया

उदयपुर । श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्वावधान में रविवार को आयड़ तीर्थ स्थित आत्मवल्लभ सभागर में आचार्य पदमभुषण रत्न सुरिश्वर व प्रन्यास ऋषभ रत्न विजय, साध्वी कीर्तिरेखा श्रीजी संघ का का मंगल प्रवेश हुआ। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि आचार्य के प्रवेश के दौरान जगह-जगह गउली बनाकर स्वागत किया गया। नाहर ने बताया कि सोमवार सुबह 9 बजे आत्म वल्लभ सभागार में नवपद ओली प्रारम्भ होगी। जिसमें आयम्बील की आराधना की जाएगी। इस दौरान अहमदाबाद से संगीतकार हनी भाई विभिन्न मंत्रोच्चारण के साथ क्रियाएं सम्पन्ना करवाएंगे। इस दौरान आयोजित धर्मसभा में आचार्य ने कहां कि आयड़ जैन मंदिर हमारी प्राचीन धरोहर है, इस तीर्थ पर सभी को दर्शनलाभ लेने चाहिए। इस भूमि पर आचार्य जग्गचन्द्र सुरिश्वर महाराज ने जीवन आयम्बील की तपस्या की। मेवाड़ के महाराणा जेत्र सिंह ने आचार्य जग्गचन्द्र सुरिश्व को तपोविरला से विभूषित किया। ऐसी तप भूमि पर आकर मैं धन्य हो गया। इस अवसर पर महासभा अध्यक्ष तेजसिंह बोल्या, सतीश कच्छारा, राजेन्द्र जवेरिया, चतर पामेचा, प्रकाश नागोरी,चन्द्र सिंह बोल्या, भोपाल सिंह नाहर, रमेश सिरोया, दिनेश बापना, नरेन्द्र शाह आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक - पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यलय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुंबई, महाराष्ट्र से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. 9594542679, e-mail: padmavatmedia@gmail.com
web. padmavatmedia.in. नोट» (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई (महाराष्ट्र) होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनन अपराध है।